
हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 17 जून 2024

06 रात एक बजे पुलिस महानिदेशक ने थाना बैंक...



07 कंपाउंडर एप्पल हॉस्पिटल में डॉक्टर...





## खबर संक्षेप

### इंटरसिटी रुकने से यात्रियों को राहत

**सीहोर।** रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से रूकना बंद हुई सभी ट्रेनों के वापस स्टॉपेज होने लगे हैं। इंटरसिटी ट्रेन के रूकने से अब यात्रियों को राहत मिली है। ट्रेनों के स्टापेज के लिए आंदोलन करने वाले नौशाद खान ने बताया कि मुंबई रेलवे कार्यालय से पत्र आ गया है। जल्दी ही बीते चार साल तीन माह से सीहोर स्टेशन से बिना रूके गुजर रही ओवर नाइट ट्रेन का स्टॉपेज भी होने वाला है जिससे शहर के व्यापारियों को इंदौर आने जाने में काफी सुविधा मिलेगी।

### दानों का अंकुरण होने पर ही करें बोवनी

**सीहोर।** किसानों को सलाह दी गई है कि निजी विक्रेताओं से बीज क्रय करते समय ध्यान रखें कि वे कृषि विभाग द्वारा पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज क्रय करें। साथ ही पक्का बिल भी लें। जो विक्रेता पक्का बिल नहीं देते हैं, उनकी शिकायत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या उप संचालक कृषि सीहोर को कर सकते हैं। उन्हें सलाह दी गई है कि बोनी के पूर्व बीज की अंकुरण क्षमता का परीक्षण कर लें। यदि 100 दानों में 70 का अंकुरण होता है तो वह बीज बोने के लिए उपयुक्त हैं। बोनी के पूर्व बीज उपचार दवा से उपचारित कर ही बोएं।

### परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 की प्रारंभिक परीक्षा 23 जून को जिला मुख्याल के 6 परीक्षा केन्द्र में दो पाली में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:16 बजे से सायं 4:15 बजे तक आयोजित कि जाना है। परीक्षा सामग्री एवं अन्य व्यवस्था के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिला कार्यालय सीहोर के कक्ष क्रमांक-15 में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। कंट्रोल रुम का दूरभाष क्रमांक 07662-226066 है। कंट्रोल रूम के लिए अधिकारी, कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह परीक्षा के नोडल अधिकारी होगें और कंट्रोल रूम के लिए सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख के सत्यनारायण मालवीय ,एवं सहायक वर्ग-3 ऋषि भिलाला कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहकर कार्य सामाप्ति तक कार्य संपादित करेंगे।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

## कार्यकर्ताओं का किया आभार व्यक्त, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया

# पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि विधायक व सांसद है : सांसद रोडमल नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सुसनेर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का विधायक नहीं है। ऐसे में क्षेत्र के प्रत्येक स्तर के पार्टी पदाधिकारी एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत में चुने गए जनप्रतिनिधि ही क्षेत्र के विधायक व सांसद हैं। सभी मिलकर कार्यकर्ताओं व आमजन की समस्याओं का निदान करवाएं, जिससे पार्टी का स्तर और अधिक ऊंचा हो सके।

उक्त बात राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित होने के बाद रविवार को मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में आभार सभा को संबोधित करते हुए सांसद रोडमल नागर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि लगातार तीसरी बार राजगढ़ में पार्टी का परचम फहराया है और लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए पुष्पवर्षा कर सभी का स्वागत किया। नागर ने इस मौके पर जल संवर्धन के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए अपने-









अपने गांव में पानी की बचत, पुराने जलस्त्रोतों के पुर्नजीवित करने का आह्वान भी किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर, पूर्व विधायकद्वय फूलचंद वेदिया एवं मुरली पाटीदार, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक लोढ़ा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, भाजपा जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा सहित पार्टी पदाधिकारी, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत,नगर पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सांसद नागर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पूर्व सांसद नागर द्वारा तीसरी बार सांसद निर्वाचित होने के बाद प्रथम नगरागमन पर मां बगलामुखी के दर्शन कर पूजन किया गया।

### बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़े जाने की मांग

कार्यक्रम उपरांत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद नागर से चर्चा कर मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़े जाने की मांग फिर से दोहराई गई। जिस पर उन्होंने रेल मंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया।

## नलखेड़ा पुलिस ने स्थाई, गिरफ्तार वारंटियों की धरपकड़ और गुंडा, बदमाशों की चैकिंग कार्रवाई की

**नलखेड़ा।** पुलिस महानिदेशक भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी पुलिस थानों को रात्रि में स्थाई, गिरफ्तार वारंटियों की धरपकड़ और गुंडा, बदमाशों की आकस्मिक चैकिंग की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए थे। इस परिपालन में नलखेड़ा पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के साथ रात्रि चैकिंग की जा रही है।

नलखेड़ा पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों के पालन में पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन संतोष कुमार सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज उज्जैन नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक आगर मालवा विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में नलखेड़ा पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। 15 जून को प्रदेशव्यापी नाइट कांबिंग ऑपरेशन के लिए पुलिस बल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी व अनुविभागीय अधिकारी देवनारायण यादव द्वारा पुलिस थाना सुसनेर परिसर में ब्रीफ कर रात्रि 11:30 बजे रवाना किया गया। थाना नलखेड़ा के 11 पुलिस बल को नाइट कांबिंग ऑपरेशन के लिए लगाया गया था। पुलिस अधीक्षक आगर द्वारा प्रभावी कॉम्बिंग गश्तक हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अभियान के तहत थाना नलखेडा पुलिस बल के द्वारा महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए जिला बदर आरोपी (1) जयनारायण उर्फ बड़ा जैन पिता मानसिंह गुर्जर नि. कोहिडिया (2) लेखराज पिता रामेश्वर यादव नि. खैरिया को जिले की सीमा मे गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 14 म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कार्यवाही की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस ने पूर्ण सतर्कता और सावधानी बरती, ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। अभियान के सफल संचालन के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई ब्रिफिंग और पुलिस बल के संगठित प्रयास से जिले में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की गई। इस कार्य के लिए थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, उनि दिलीप कटारा, उनि नानुराम बघेल, सउनि कालुराम मण्डोवर, आर. मुकेश दांगी, पवन जावरिया, रामप्रसाद दांगी, मेहरबानसिंह दांगी, महेश बगानिया, सेनिक मणिशंकर, अनिल सेन का कार्य सारहानीय रहा।

## अवकाश के दिन बगलामुखी माता मंदिर पर लगी कतारें

### 25 हजार से अधिक भक्त पहुंचे माता मंदिर, किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार के दिन मां के आंगन में भक्तों की आस्था उमड़ती दिखाई दी। प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर मां के दर्शन किया। इस दौरान मां के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही। सुबह 10 बजे बाद मुख्य द्वार से लेकर सिंहद्वार के बाहर सूर्यमुखी हनुमान मंदिर तक भक्तों की कतारें लगी हुई थीं। भक्तों ने मां के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख, शांति, समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति हेतु हवन-अनुष्ठान भी किए। रविवार को लगभग 25 हजार भक्त माता रानी के दर्शन करने पहुंचे। वहीं यज्ञशाला में लगभग चार सौ से अधिक हवन अनुष्ठान भक्तों द्वारा किये गए। भक्तों की अत्यधिक भीड़ के चलते समिति द्वारा गर्भ गृह के बाहर से ही भक्तों को माता रानी के दर्शन करवाए गए।

### तेज धूप में परेशान होते रहे भक्त

रविवार को मानो सूरज आग उगल रहा था। तेज धूप के चलते भीषण गर्मी हो रही थी। ऐसी तेज धूप में मंदिर परिसर के अंदर कतार में लगे भक्त परेशान होकर पसीना-पसीना हो रहे थे। मंदिर प्रशासन द्वारा भक्तों के पैर नहीं जले इसके लिए तो मेटी बिछा रखी थी, लेकिन धूप से बचने के लिए शामियाना अथवा किसी भी प्रकार से छांव की व्यवस्था नहीं की गई थी। जिसके कारण दर्शनार्थी विशेषकर महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चें तेज धूप से परेशान होते दिखाई दिए।

## गैल कंपनी के प्रस्तावित प्लांट से प्रभावित आधा दर्जन ग्रामों के किसानों से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

**सीहोर।** सीहोर क्षेत्र में प्रस्तावित गैल इंडिया लिमिटेट के प्लांट के लिए जमीनों की नपती के दौरान किसानों ने हंगामा किया था और नपती का विरोध किया था। किसान अपनी जमीने कम्पनी को नहीं देना चाहते हैं और प्रशासन ने भी किसानों के बिना संज्ञान के नपती प्रारंभ कर दी। इस प्रक्रिया को लेकर क्षेत्र वासियों और किसानों के मन में कई तरह की भ्रान्तिया हैं। क्षेत्र के किसान अंदोलित है। इन सब बातों को लेकर शनिवार को मप्र कांग्रेस कमेटी निर्देश अनुसार सीहोर जिला के एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाष परमार, एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, जि. प. सदस्य कमल चैहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र शोभाखेड़ी एवं अशीष गेहलोत थे, ने गैल कम्पनी की ईकाइ लगना प्रस्तावित है के बागेर, भंवरी, भवंरा, अरनिया दाउद और बापचा इन गांवों में पहुंचा कर मुलाकता की और गांवों में चैपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी एवं प्रदेश कांग्रेस का पूर्ण सहयोग का अस्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल को किसानो ने कई तरह की समस्याएं और अपनी मांगे बताई।

## शिक्षा विभाग की टीम ने किया निजी स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। शासन द्वारा इसके लिए बिंदुओं का निर्धारण किया गया है। इसके आधार पर शिक्षा विभाग की टीम द्वारा जांच की जाना है। आगर जिला कलेक्टर द्वारा गठित टीम द्वारा नलखेड़ा नगर में संचालित निजी स्कूलों की शैक्षणिक, आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा निजी स्कूलों के निरीक्षण के आदेश के बाद आगर जिले में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण कर जांच की जा रही है।

शासन द्वारा निजी स्कूलों की जांच के लिए जो बिंदु निर्धारित किए गए उसमें स्कूलों की मान्यता, फीस में वृद्धि, गणवेश एवं पाठ पुस्तकों के प्रकाशक, संचालित पाठ्यक्रम पुस्तकों की संख्या उनका मूल्य, किसी निश्चित दुकान से गणवेश और पाठ्य पुस्तकों के विक्रय की जानकारी, विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए वाहनों की सुविधा उनकी फिटनेस एवं शुल्क की जानकारी, शुल्क वृद्धि पर किसी की शिकायत हो तो उसकी जानकारी, दाखिल खारिज पंजी, यदि शुल्क वृद्धि की गई है तो स्कूल प्रबंधन समिति के डाले गए प्रस्ताव सहित अनुमोदन बैठक की जानकारी, यदि पाठ्य पुस्तके बदली गई है तो क्या स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से अनुमति ली है या नहीं इसकी जानकारी, शिक्षण कक्ष, लेब, खेल मैदान आदि बिंदुओं पर शिक्षा विभाग की टीम को जांच करना है।

शुक्रवार को जिला कलेक्टर आगर मालवा द्वारा गठित टीम द्वारा अशासकीय विद्यालय गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल नलखेड़ा का निरीक्षण किया गया। जिसमें विद्यालय की शैक्षिणक, आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। गठित दल द्वारा स्कूल मान्यता,फीस वृद्धि, पाठ्य पुस्तक, आय व्यय लेखा-जोखा, गणवेश, समिति पंजीयन, समिति बैठक प्रोसीडिंग आदि की जांच की गई। टीम में नलखेड़ा तहसीलदार प्रीति भिंसे ,प्राचार्य चांदन गांव ओमप्रकाश तोमर, आगर बीईओ मनोहरसिंह चौहान, प्राचार्य तनोडिया दिनेश सोलंकी, आगर बीआरसी दीपक नारायण उपाध्याय द्वारा विद्यालय का निरीक्षण उपरांत जांच प्रतिवेदन बनाकर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा गया।

## शहर की मुख्य और अंदरूनी सड़कों की स्थिति बदतर, पड़ा हुआ है मलबा

# पाइप लाइन बिछाने खोदी सड़क, मलबा भरकर छोड़ दिया, फिसलकर गिर रहे वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में कई जगह नल जल योजना के तहत पाइप लाइन डाली जा रही है तो कई जगह शहर के मेन रोड और कॉलोनी की अंदरूनी सड़कों पर अन्य काम के चलते रोड को खोदा जा रहा है। रोड खोदकर उसका मलबा सड़क पर ही पटक रहे हैं, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। शहर में सड़क के बीच से निकली सीवेज लाइन के गड्डों से लोग वैसे ही परेशान हैं, तो वहीं शहर की कई सड़कों को मरम्मत की दरकार है।

सीवेज के गड्डों के ढक्कन कई जगह नीचे धंसक गए हैं। जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। वहीं शहर की गंज कालोनी में पाइप लाइन डाली गई है। पाइप लाइन डालने के लिए रोड खोदा गया था। जिसके मलबे से पाइप लाइन डालने के बाद उसे भर दिया गया, लेकिन वह मलबा अभी भी बीच सड़क पर पड़ा हुआ है। लाइन डालने के बाद उसे हटाया नहीं गया और ना ही रोड को समतल किया गया है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 10 दिनों से रोड पर पड़ा मलबा नहीं उठाया

मलबे के बीच सड़क पर पड़े रहने से रोड सिमटकर संकरी हो गई है, जिससे लोगों को वाहन निकालने में दिक्कत हो रही है। वहीं कई बार दो पहिया वाहन फिसलकर गिर भी जाते हैं। लोगों ने बताया कि यह मलबा बीते 10 दिनों से रोड के बीचों-बीच पड़ा हुआ है। मलबे का उठान नहीं होने से आवाजाही में दिक्कत हो रही है। इससे रोड पर हादसा होने का अंदेशा बना रहता है।

**खुदाई करने के बाद कंपनी सड़क को नहीं कर रही समतल :** इन दिनों में कई निजी कंपनी अपनी पाइप लाइन डाल रही हैं। इस कारण भी परेशानी हो रही है। सिंचाई के लिए डाली जा रही पाइप लाइन के कारण भी सड़क किनारे खुदाई कर पाइप लाइन तो डाल दी लेकिन अब इसे समतल नहीं किया गया। इस कारण वाहन चलाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शीतल विहार कालोनी से शांति विहार कालोनी तरफ जाने रहे रोड किनारे खुदाई कर दी गई। इससे अब यातायात बाधित हो रहा है।

**बारिश में ज्यादा दिक्कत :** सड़कों को खोदकर मलबा सड़क किनारे छोड़ दिया है। उसी मलबे से भर दिया गया है, लेकिन समतल नहीं किया गया। बरसात के सीजन में इससे और ज्यादा परेशानी आएगी। इससे सड़क पर बह रहे पानी की निकासी नहीं हो पाएगी और पानी रोड पर ही भरा रहेगा। वहीं मलबे से फिसलकर हादसे का शिकार होंगे।

## ढाबला राय में युवक की छत से गिरने से मौत, रात को बिना बाउंड्री वॉल की छत पर सोया था, सुबह नीचे पड़ा मिला

**सीहोर।** इछावर जनपद पंचायत के ग्राम ढाबला राय में शुक्रवार रात एक युवक की छत से गिरने से मौत हो गई। युवक रात को बिना बाउंड्री वॉल की छत पर सोया था, सुबह वह नीचे पड़ा मिला। परिजनों ने देखा तो वे तुरंत उसे अस्पताल जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ढाबला राय में रहने वाला जगदीश पिता रमेश राठौर उम्र 27 साल शुक्रवार रात अपने घर की दूसरी मंजिल की छत जो बिला बाउंड्री वॉल की है, उस पर सोया था। शनिवार सुबह घर के ठीक बाजू की दूध डेयरी की छत पर पड़ा मिल। इसके बाद परिजन उसे तत्काल इछावर अस्पताल ले गए, यहां डॉक्टरों ने जगदीश को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जगदीश के शव को पोस्टमार्टम के लिए सीहोर जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों के अनुसार जगदीश बीती रात घर की छत पर सोया था, आशंका जताई जा रही है कि रात को पेशाब करने के लिए उठा होगा तभी छत पर बाउंड्री वॉल नहीं होने वह नीचे गिर गया। वहीं, सीहोर जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक जगदीश के दो बेटे हैं, एक लड़का 6 साल का तो दूसरा 3 साल का है। जगदीश आष्टा में दुकान काम करके परिवार चलाता था, उसकी मौत के बाद परिनजों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां सुबह उठाने पहुंची तो डेयरी की छत पर पड़ा मिला जगदीश : जगदीश शुक्रवार रात 8 बजे घर आया था, उसकी पत्नी और दोनों बच्चे मायके गए हुए थे, वहीं, पिता बेटी के ससुराल शादी में गए थे। शनिवार सुबह जगदीश की मां उसे जगाने पहुंची तो वह बाजू वाली दूध डेयरी की छत पर पड़ा मिला, इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### नगर बागली में गंगा बावड़ी पर पूजन के साथ निकाली कलशयात्रा



**बागली।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 5 जून पर्यावरण दिवस से ही जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा था, जिसके अंतर्गत नगर परिषद बागली में सतत अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जागरूक किया गया। रविवार के दिन गंगा दशमी पर इस अभियान का समापन हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद बागली द्वारा वार्ड क्रमांक एक में स्थित प्राचीन गंगा बावड़ी पर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, एसडीएम आनंद मालवीया,सीएमओ महेश कुमार शर्मा,कमल यादव पार्षद अमित धूलिया की उपस्थिति में पंडित वासुदेव जोशी व्दारा बावड़ी का पूजन कर कलश यात्रा प्रारंभ की गई। इस दौरान शंकर मंदिर तलाब पर पौधारोपण भी किया गया। कलश यात्रा मुख्यमार्ग से होते हुए, नगर परिषद पहुंची जहां पर कलश यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव ने कहा की सभी नगर वासियों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना है। सीएमओ महेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान अंतर्गत नगर के 10 कुएं ,तालाब एवं एक बावड़ी कि सफाई कर संरक्षित किया गया है। साथ ही बारिश के दिनों में जल संरक्षण को लेकर योजनाएं बनाई गई है। इस अवसर पर प्रविण चौधरी, जल मिशन अभियान के एस एन प्रजापति ,किशोर गुजराती, मोहनलाल मानधंया,रजत बजाज,मोनू अजमेरा मनीषा खैरवाल सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएं व नप कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र समाज में योग और मंदिर स्थापना दिवस मनाया जाएगा

**देवास।** महाराष्ट्र समाज कार्यकारिणी तथा न्यास मंडल सदस्यों की एक बैठक न्यास प्रबंधक सदाशिव जोशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज में प्रति वर्षानुसार 21 जून को विश्व योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। देवास शहर की प्रसिद्ध योग प्रशिक्षिका गौरी शेकटकर मार्गदर्शन करेंगी।

### शनिवार रात सैकड़ो पुलिसकर्मियों ने जिले भर में की कांम्बिंग गश्त

# रात एक बजे पुलिस महानिदेशक ने थाना बैंक नोट प्रेस का किया औचक निरीक्षण

### पुलिस अधीक्षक एवं अधिकारियों से कम्बिंग गश्त और नए अपराध क़ानून के संबंध में प्रशिक्षण के संबंध ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास







शनिवार को प्रदेशव्यापी नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक जिला देवास सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में गुण्डा बदमाशों की आकस्मिक रात्रि चैकिंग,फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों की धरपकड हेतु नाईट कॉम्बिंग गश्त की गई। गश्त में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आकाश भूरिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात हरनारायण बाथम के निर्देशन में चार डीएसपी, रक्षित निरीक्षक, 23 थाना प्रभारियों के लगभग 500 अधिकारी/कर्मचारियो के बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में जिले के थानावार टीमो का गठन किया गया। गठित टीमों ने शनिवार को जिले के थाना क्षेत्रों में नाईट कॉम्बिंग गश्त के दौरान थानों के दर्ज स्थाई वारंटी, विवेचना में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, वारंटों की तामीली, गुण्डा, हिस्ट्रीशीटरो के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान कार्रवाई कर 25 स्थाई वांरटी,105 गिरफ्तार वारंट तामील कराए गए व 49 जिलाबदर,04 ईनामी बदमाशों एवं 10 अन्य वांछित अपराधियों को चेक किया गया। इसी क्रम इसी क्रम 34 आबकारी एक्ट के कुल 12 प्रकरण बनाए गए।

जिसमे कुल अवैध शराब लीटर 157,कुल कीमत 37 हजार 220 रुपये एवं वाहन चेकिंग के दौरान लगभग 200 से अधिक छोटे बडे वाहनों को चेक किया गया। लगभग 70 वाहन चालकों के विरूद्व अमानक नंबर प्लेट एवं बिना नंबर प्लेट, बिना सीट बेल्ट व हेलमेट वालों के विरूद्व मोटर व्हीकल एक्ट एवं शराब पीकर वाहन चलाने के विरूद्व चालानी कार्यवाही कर कुल 29 जफर 200 रुपये राशि वसूली गई। वही शनिवार देर रात लगभग 1 बजे पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने जिले के थाना बैंक नोट प्रेस का औचक निरीक्षण किया। डीजीपी सक्सेना ने पुलिस अधीक्षक व अधिकारियों से कम्बिंग गश्त और नए अपराध क़ानून के संबंध में प्रशिक्षण के संबंध ली जानकारी ली। दरअसल जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए देवास पुलिस द्वारा सप्ताह में एक बार पूरे जिले में कॉम्बिंग गश्त की जा रही है। पिछले एक माह में पुलिस ने तीसरी बार शनिवार रात को सड़कों पर उतर कर कॉम्बिंग गश्त की। जिसमें जिले के सैकड़ों पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने विभिन्न सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

जिसमें पुलिस ने स्थाई वारंटी, फरार आरोपी, जिला बदर सहित अन्य वारदात में शामिल आदतन अपराधियों की भी धर पकड़ की। इस दौरान पुलिस ने ड्रिंक कर ड्राइव करने वाले लोगों की भी जांच कर कार्रवाई की गई। देवास एसपी संपत उपाध्याय ने बताया कि जिले को अपराध मुक्त करने के लिए पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का मीठा तालाब पर हुआ समापन

### निगम महापौर, सभापति रहे उपस्थित



**देवास।** समापन अवसर पर मीठा तालाब पर हुआ कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव द्वारा वृह्द स्तर पर पूरे प्रदेश मे जल संवर्धन एवं कुंऐ बावडी को पुर्नजीवन करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश की सभी नगरीय निकायों मे 5 से 15 जून तक चलाए जाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा शासन की इस पहल के तहत निगम सीमा क्षेत्र मे बडे पौमाने पर कुंओ, बावड़ियों को चिन्हित कर जनप्रनिधियो, रहवासियों तथा सामाजिक संस्थाओं ने सफाई कार्य का अभियान 5 से 15 जून तक चलाया, जिसमे लगभग 50 से 60 कुंए बावडी तथा निगम सीमा क्षेत्र मे स्थित 4 तालाबों पर श्रमदान कर सफाई कार्य किया गया।

जल गंगा संवर्धन के इस अभियान का समापन शहर के मीठा तालाब स्थित पंचवटी मे रविवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा भरत चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा के साथ मॉ नर्मदा का पूजन व आरती कर चुनरी अर्पित की गई। समापन कार्यक्रम मे श्रमदान अभियान मे सहयोगी सामाजिक संस्थाओं, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडरों अमित राव पवार,महेश सोनी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउंट गाईड ग्रुप, जल संवर्धन अभियान मे सहयोगी संस्थाओं, स्वच्छता चैम्पियन, वार्ड रैकिंग विजेता सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम मे महापौर अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि वर्मा, पवार, सोनी ने अपने उदबोधन ने दिया। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द्र त्रिवेदी ने किया। आभार प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती ने माना।

# महापौर, सभापति व विधायक प्रतिनिधि ने वार्ड 29 में विकास कार्यों का भूमिपूजन कर वार्ड 27 में समस्याओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



नगर निगम द्वारा विधायक व निगम निधि से वार्ड क्रमांक 29 गीता भवन के पिछे महात्मा गांधी कालोनी मे 26 लाख की लागत से सीसी नाला एवं नाली निर्माण व शौचालय के निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अजय पंडित के साथ किया। इस अवसर पर निगम प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, उपयंत्री अनिता ठाकुर, संजय खण्डेलवाल सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। इसके पश्चात वार्ड क्रमांक 27 आनंद नगर मे 1 करोड 8 लाख की लागत से कर्मचारी कालोनी से आनंद नगर को जोडने वाले निर्माणाधीन नाला व पुलिया एवं उज्जैन रोड नाले का भी निरीक्षण महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा पार्षद भूपेश ठाकुर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आबीद खान के साथ किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि हमारी परिषद सभी वार्डो के विकास कार्यो को लेकर तथा रहवासियों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए कार्य कर रही है ताकि रहवासियों को किसी प्रकार की समस्या न हो। सभापति ने कहा कि नाला निर्माण से वर्षाकाल मे जो जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होती थी वह नही होगी। अग्रवाल ने रहवासियों की समस्याओं को सुना तथा जो समस्या आ रही है उसका निराकरण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियो को मौके पर ही दिए।

### महेश नवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

**देवास।** माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मूंदड़ा, अध्यक्ष मनोज बजाज ने बताया कि इस वर्ष देवास में पहली बार सायं 5 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा श्री सांवलियानाथ मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीराम मंदिर भेरूगढ़ पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में भगवान भोलेनाथ की चलित झांकी सभी का मन मोह रही थी। इसके बाद रूपल सोमानी द्वारा विभिन्न वेश भूषा में तैयार किए गए बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। सखी संगठन की अध्यक्ष अलका भूतड़ा के नेतृत्व में महिलाएं लेझिम का प्रदर्शन करती चल रही थी। महिला संगठन की अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी एवं साथी सहित सभी डमरू बजाते चल रही थी। रास्ते में गरबा आदि अनेक नृत्य प्रस्तुत किये गये। भजन गायक द्वारका मंत्री ने पूरे समय साथियों के साथ लगातार 2 घंटे भजनों की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा का स्वागत गणेश देव स्थान, मारवाडी महिला समिति, गणेश काबरा, भीम सोनी, महादेव टेलीकाम संजय ताराणी, राजेश सेन, गणेश विजयवर्गीय, खाटू श्याम सेवा समिति, प्रदीप साहू, पवन विजयवर्गीय, गजेन्द्र सोनी, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, राधेश्याम सोनी, स्वर्णकार समाज, संजय जैन गौरवमयी संस्था, चित्तोड़ा समाज, अरविंद महाजन, अशोक गुप्ता, सत्यनारायण चिचाणी परिवार, किराना व्यापारी एसोसिएशन राकेश गुप्ता एवं साथी, वैश्य महासम्मेलन, जांगड़ा पोरवाल समाज, शुक्ला जी एवं साथी, माहेश्वरी स्वीट्स, माहेश्वरी महिला संगठन, प्रगति मंडल आदि ने किया। समाजजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाकर शोभा यात्रा को सफल बनाया।

# जय हिन्द सखी मंडल ने बसेरा में मनाया फादर्स डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



बच्चों का प्रथम सहारा पिता की अंगुलियां ही होती है। पिता के मौन में ही बच्चों की वाणी होती है। काम पर से लौटने के बाद पिता सबसे पहले बच्चों के बारे में ही पूछते हैं। पिता के प्रेम करने का तरीका माता से भिन्न होता है। जय हिन्द सखी मंडल द्वारा बसेरा वृद्धाश्रम में फादर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर बसेरा निवासी महादेव देवकते ने छात्राओं से चर्चा करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। मोहनसिंह ने कहा कि पिता के कंधों पर बैठकर ही हम उंचा उठ सकते हैं। पढ़ाई बहुत अच्छी बात है पर आज के समय में पढ़ाई केवल कोरा ज्ञान बनकर रह गई हैं,पढ़ाई आगे बढ़ती गई और संस्कार पीछे छूटते गए। बड़ों का आदर और मान सम्मान देखने सुनने के लिए नहीं व्यवहार में लाने के लिए होता है। पुष्पलता जैन, देवकी बाई, उमराव बाई और शांति बाई आदि ने भी सखी मंडल की छात्राओं से चर्चा कर अपने जीवन के अनुभव सुनाए। पाक कला विशेषज्ञ शिक्षिका किरण भार्गव द्वारा स्वयं बनाए गए केक को काटकर बसेरा में फादर्स डे मनाया गया। परियोजना सहायक स्मिता रावल, लॉ पीएचडी स्कालर हर्षा महाजन, जिले की 12 वीं की टॉपर केशवी उपाध्याय, कत्थक नृत्य प्रशिक्षक छाया वर्मा के साथ आर्या शर्मा, तनुश्री विश्वकर्मा, स्नेहा ठाकुर, तैय्यबा शेख, लक्ष्मी बाली, पायल बोडाना, तुबा शेख, आंचल श्रीवास, खुशी परिहार, तनु चुलीवाल और जिया व्यास उपस्थित थीं। छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित फूलों को भेंट कर बसेरा निवासियों से आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के साथ-साथ विशेष पुलिस समर कैंप का हुआ संयुक्त समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




रविवार को संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग व पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता व पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर व विशेष पुलिस समर कैंप का संयुक्त समापन कार्यक्रम जिला पुलिस लाइन परिसर स्थित परेड मैदान पर आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एच.एन. बाथम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवास व अध्यक्षता रणजीत सिंह ठाकुर रक्षित निरक्षित देवास ने की। मुख्य अतिथि बाथम ने सभी उपस्थित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग किया जाएगा तथा आने वाले वर्ष से समर कैंप का आयोजन और अधिक वृहद स्तर पर करने की बात कही। जिला खेल अधिकारी हेमंत सुवीर ने बताया इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर सम्मिलित 22 खेल प्रशिक्षण केंद्रो के प्रशिक्षक व खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रारंभ में शिविर प्रतिवेदन जावेद पठान ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत सूबेदार संगीता कनेश, सुबेदार आनंद कलेशरिया अनिल श्रीवास्तव, रेणु सिंह, भरत वर्मा, सुधीर टोप्पो, प्रवीण ढोबले, आतीश माली, राजीव चौहान, अर्जुन सिंह, पवन यादव, जितेन्द्र गोस्वामी, राजेश बराना, राजीव श्रीवास्तव विरेन्द्र सिंह ठाकुर, रश्मि कलम, अंकित टोप्पो, अजीम शेख, राहुल वर्मा, पंकज परमार, आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन यशवंत डागोरा ने किया।

### शिक्षकों के लिए एक दिवसीय दक्षता संवर्धन कार्यशाला आयोजित

# कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा



शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, सहायक संचालक एसएन प्रजापति, एडीपीसी ओपी दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह के निर्देशन में पीएम श्री शासकीय उमावि कमलापुर व पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि हाटपीपल्या के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय दक्षता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन कमलापुर में किया गया, जिसमे दोनों विद्यालयों के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का निरीक्षण और मार्गदर्शन रिसोर्स पर्सन अशोक साहू, प्राचार्य नूतन शासकीय उमावि देवास ने किया। उन्होंने बताया कि पीएम श्री विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जानी है और शिक्षकों को इसी नीति के अनुरूप अध्यापन कार्य करवाने की आवश्यकता है। साहू ने इस बात पर जोर दिया कि सभी शिक्षक अपने-अपने विषयों में पूर्ण दक्षता के साथ विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे नई नीति के अनुसार अपनी शिक्षण विधियों को अद्यतन करें और सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को सर्वोत्तम शिक्षा मिले। कार्यशाला के दौरान विद्यालयों के प्रभारी प्राचार्य क्रमशः अनन्त नागर और उषा दुबे ने अपने-अपने शिक्षकों की विशेषताओं और उनके योगदान की सराहना की। इस कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें पीएलसी (पियर लर्निंग सर्कल), 100 दिवसीय कार्ययोजना, विभिन्न गतिविधियों का दस्तावेजीकरण, पोर्टफोलियो, ट्रेकर, विद्यार्थियों की दक्षता, प्रभावी पीटीएम (पैरेंट-टीचर मीटिंग), टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) आदि शामिल थे। शिक्षकों को इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि कैसे इनका उपयोग कर वे अपनी शिक्षण प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं।कार्यशाला के अंत में, रामचंद्र जाट, मुकेश मुजाल्दे, अनिल कुम्भकार, घनश्याम कारपेंटर, शोभा, दुबे, मंजुला मानधन्या, जयंती श्रीवास्तव, पीयूषा आशापुरे, कैलाश अटाड़िया आदि शिक्षकों ने इस आयोजन को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

### सुभाष चौक व अखाड़ा रोड का डामरीकरण कार्य शुरू



**देवास।** विधायक गायत्रीराजे पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन एवं निगम आयुक्त रजनीश कसेरा द्वारा कायाकल्प के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर में स्थित जर्जर सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी के अंतर्गत रविवार को सुभाष चौक व अखाड़ा रोड पर डामरीकरण निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष वार्ड क्रं. 40 पार्षद में धर्मेन्द्र सिंह बैस, वार्ड 37 पार्षद प्रतिनिधि निलेश वर्मा एवं वार्ड क्रं. 39 पार्षद प्रतिनिधि अजय पडियार की उपस्थिति में विधिवत रूप से हुआ। मुख्य सड़क निर्माण कार्य से आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर मेहरबान जनवार, प्रशांत कसेरा, विनोद गौड, शानू पाचुनकर, रवि कसेरा, हैप्पी सोनी, देवेन्द्र गौड, विवेक मालवीय, रघु सोनगरा, दीपक जोशी, नगर निगम इंजी. श्याम सुंदर रघुवंशी, संजय पडियार आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मेरिट में आए विद्यार्थियों का किया सम्मान

**आष्टा।** स्थानीय मार्टिनेट कान्वेन्ट स्कूल ने जिला मेरिट मे आए विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विद्यायक गोपालसिंह इंजीनियर, व जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर, नगरपालिका अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अतुल शर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत, संस्था संचालक नोशे खान प्रबंधक विनीत त्रिवेदी व प्राचार्य नेहा तिवारी, पत्रकार बन्धु, सरपंच द्वारा कक्षा 12वीं की जिला मेरिट मे द्वितीय स्थान तस्मियॉ सिद्धीकी व कक्षा 10वीं के आयुष जाटव को कम्प्यूटर प्रदान कर सम्मानित किया गया। तथा कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि गोपालसिंह इंजीनियर ने संघर्ष की कहानी बताते हुए बताया कि मार्टिनेट विद्यालय ने कक्षा 12वीं मे कुल 33 विद्यार्थी परीक्षा मे बैठे व शासन की योजना मे लगभग 15 विद्यार्थी शामिल हो रहे है यह विद्यालय की लगातार निष्ठा बताती है कि मार्टिनेट विद्यालय बच्चों को निखारने का किस ढंग से कार्य कर रहा है विद्यालय की इस सफलता पर मैं संस्था के संचालक नोशे खान प्रबंधक विनीत त्रिवेदी व प्राचार्य नेहा तिवारी व उन शिक्षकों के योगदान को तहेदिल से मानता हूॅ, तथा बोले जब भी विद्यालय को मेरी आवश्यकता होगी मै तत्पर खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर आष्टा के पत्रकार नरेन्द्र गंगवाल, किरण रांका, धनंजय जाट, कमल पांचाल, गणेश दुबे, नवीन शर्मा, एवं राजेन्द्र सिंह मेवाड़ा सरपंच ग्राम पटारिया, सादिक भाई सरपंच ग्राम बरखेड़ा, दीपक सरपंच ग्राम पगरियाराम, राहुल ठाकुर सरपंच ग्राम चाचरसी मालीपुरा अन्यअतिथि कन्हैयालाल गेहलोत जनशिक्षक ज्ञानसिंह मेवाड़ा और प्रायवेट कोचिंग संचालक जगदीश मेवाड़ा, प्रायवेट स्कूल संचालक भोलूसिंह ठाकुर, रामशंकर झा, सुनील शर्मा, मनीष सोनी, बीएल मालवीय, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, रामजी यादव, ज्ञानसिंह ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर एवं अधिक संख्या पालक/अभिभावक उपस्थित थे।

### प्रायवेट एप्पल हॉस्पिटल हुआ सील, 12 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत के बाद गिरी गाज

# कंपाउंडर एप्पल हॉस्पिटल में डॉक्टर बनकर कर रहा था इलाज अधिकारियों ने अस्पताल के दस्तावेज जब्त कर किया सील







मृतक बच्चे के पीड़ित पिता ने एसडीएम को की थी लिखित शिकायत, स्वास्थ विभाग ने लिया बड़ा एक्शन, हॉस्पिटल को किया सील। शहर में कुकुरमुत्ता की तरह खुले प्राइवेट हॉस्पिटल, लोगों की जान से कर रहे खिलवाड़, कई लोगों की हो चुकी है मौत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शनिवार को शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग दरगाह के पास एक और निजी एप्पल हॉस्पिटल पर स्थानीय स्वास्थ विभाग की टीम का छापा पड़ा। बीएमओ, तहसीलदार के नेतृत्व में आष्टा की स्वास्थ विभाग की टीम ने डाला छापा, छापे के दौरान कोई भी डॉक्टर नही मिला, अस्पताल में मिली कई खामियां, बिना नियमो मापदंड के संचालित हो रहा था अस्पताल, प्रबंधन के पास कोई जवाब नही मिला। बता दे की शनिवार दोपहर को प्रशासन स्वास्थ्य विभाग की टीम अचानक एप्पल हॉस्पिटल पहुंची और जांच पड़ताल की दरअसल प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को इस अस्पताल की एक शिकायत मिली थी उसी के आधार पर आज जांच पड़ताल की और अस्पताल में कमी पाए जाने पर अस्पताल को तुरंत सील किया गया।

#### अस्पताल में अनेक कमियां पाई गई, दस्तावेज जब्त कर किया सील

बीएमओ जीडी सोनी एप्पल अस्पताल में करीब 1 घंटे कागजातों की जांच की जिसमें कहीं कमियां पाई गई। सोनी ने बताया कि इस अस्पताल में डॉक्टर की उपस्थिति नहीं है यहां तक की आईसीयू वार्ड भी बना हुआ है और सुविधाएं कुछ भी नहीं कई कमियां पाए जाने पर तमाम दस्तावेजों को जब्त कर एप्पल अस्पताल को तुरंत सील किया गया है प्रशासन की ओर से तहसीलदार पंकज पवैया भी शामिल रहे।

#### सरकारी डॉक्टरों के भी प्रायवेट अस्पताल में ईलाज करने के नाम आए सामने

प्रशासन स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने करीब 1 घंटे तक जांच पड़ताल के कर तमाम दस्तावेजों को जब्त किया। बता दे कि इस अस्पताल में आधा दर्जन से भी ज्यादा मरीज भर्ती थे इन्हें पास के एक चिकित्सालय में एंबुलेंस की सहायता से भर्ती कराया गया है। इस दौरान जांच में कई चौकाने वाले खुलासे देखने को मिले जिसमे सरकारी अस्पताल पदस्थ डॉक्टरो के भी निजी अस्पताल में उपचार करने के नाम सामने आए। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीज और मोजूद स्टाफ ने बताया की सरकारी अस्पताल में पदस्थ महीला डॉक्टर शुभम दलोद्रिया भी यह के भर्ती मरीजों का इलाज करने के लिए आती है जबकि एसा कोई नियम या शासन की गाइड लाइन है की सरकारी डॉक्टर प्रायवेट अस्पताल में इलाज करने जाय। गौरतलब है की शहर के कई सरकारी डॉक्टर प्रायवेट अस्पतालो में जाकर इलाज करते हैं और फीस के नाम पर मोटी रकम वसूल करते हैं जिनकी स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ विभाग की कोई लगाम दिखाई नही देती है अब देखना यह होगा की सरकारी डॉक्टर शुभम दलोद्रिया पर नियमो को ताक पर रखकर निजी अस्पताल में इलाज करने पर कोई ठोस कार्यवाही होती है या नही।

#### शहर में खुले निजी अस्पताल, लोगो की जान से कर रहे खिलवाड़

आपको बता दे की शहर में कुकुरमुत्ता की तरह प्रायवेट अस्पताल खुल चुके हैं जो शासन के मापदंड पर तो खरे उतरते ही नही है साथ ही इनके पास ना कोई विशेषग डॉक्टर उपलब्ध है जिसके कारण यह निजी अस्पताल मरीजो की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं जिन पर स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ विभाग की कोई लगाम नही है !इससे पहले भी सूर्या अस्पताल में मरीजों के जान से खिलवाड़ करने की शिकायत पर स्वास्थ विभाग ने रेड डाली थी। जिसमे कई खामियां मिली थीं। लेकिन डेड महिने से ज्यादा समय बीत चुका है अब तक कोई ठोस कार्यवाही अपने अंजाम तक नही पहुंची है जिससे यह कार्यवाही सवालों के घेरे में खड़ी हो रही है और सिर्फ़ खानापूर्ति नजर आ रही है। अब ऐसे में एपल अस्पताल की पोल खुलने पर सबसे जिम्मेदार विभाग ज़िला स्वास्थ विभाग की भी पोल खुल रही है जो बीना जांच और बिना नियमो के शासन के मापदंड को दरकिनार कर अस्पतालो को परमिशन दी जा रही है। इधर शहर के कई मोहल्ले में बिना रजिस्ट्रेशन के दवाखाने चल रहे हैं यहां तक की कई डॉक्टर कई डॉक्टर बिना डिग्री के दवाखाने संचालित कर रहे हैं और तो और ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल है गांव गांव दवाखाने खुले हुए हैं और मरीजो का इलाज कर रहे हैं। अगर स्वास्थ्य विभाग इनके ऊपर भी नजर डालें तो कई चौंकाने वाली कमियां सामने आएगी।

#### कंपाउंडर ने डॉक्टर बनकर किया था इलाज पीड़ित पिता ने गैर इरादातन हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग इकलौता पुत्र था

मृतक बच्चे के पिता ने शिकायती आवेदन पत्र में बताया की मुझे बाद में पता चला कि डॉक्टर मोहन तो सामान्य कंपाउंडर है. जबकि उसने सारी रात डॉ० मोहन बताकर मेरे बच्चे का ईलाज किया उसे बीटले चढाई तथा इंजेक्शन लगाये। उक्त ऐप्पल हास्पिटल में शासन के मानदंड अनुसार ना तो डॉक्टर मौजूद थे और ना ही शासन के नियम अनुसार इमरजेंसी डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ मौजूद था। बिना डिग्री के कम्पाउंडरी एवं झोला छाप लोगों को इमरजेंसी डॉक्टर बना कर इस अस्पताल में बिता दिया है। इमरजेंसी में ईलाज की सुविधाएँ इस अस्पताल में नही है। इस हास्पिटल में मानदंड अनुसार डॉक्टर उपलब्ध नही रहते हैं, फर्जी कागजी के आधार पर हास्पिटल का संचालन किया जा रहा है। फर्जी डॉक्टर एवं स्टॉफ बैठा रखा है। उक्त ऐप्पल हास्पिटल के संचालक, डॉ० मोहन एवं वहां का पूरा नर्सिंग स्टॉफ मेरे मुत्र उस्मान की मृत्यु के मामले में गैर इरादतन हत्या के दोषी है। इन्होंने केवल 5000 रूपये के लालच के पीछे मेरे एकमात्र बच्चे की जान ले ली है. मेरा केवल एक ही पुत्र था, मेरा जीवन तबाह हो गया है. क्योकि इसी तरह ये लोग सीधे साधे मरीजो को एवं उनके परिजनो को अंधेरे में रखकर ईलाज करते रहते हैं। आप कृपया तत्काल ऐप्पल हास्पिटल की सीसीटीवी हार्डडिस्क एवं मेरे पुत्र के ईलाज का रिकार्ड जॉच कार्यवाही में ही जप्त करने का कष्ट करें तथा इनके बाक्टर स्टॉफ, दिनांक 11.6.2024 के ड्यूटी डाक्टर एवं नर्सिंग स्टॉफ के रिकार्ड की फोटोकॉपी कराकर सत्यापित कराकर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करे।

#### 12 वर्षीय मासूम बच्चे की हुई थी मौत, पीड़ित पिता ने एसडीएम से की थी शिकायत

शहर में कुकरमुतो की तरह खुले प्रायवेट अस्पताल लंबे समय से आम जन मानस की जान से खिलवाड़ कर रहे है लिहाज़ा कई मरीजो की तो इन प्रायवेट अस्पतालो की लापरवाही के चलते मौत भी हो चुकी है । और बीते कुछ दिनों पहले भी शहर के निजी अस्पताल एप्पल में एक 12 वर्षीय मासूम की मौत हो गईं थीं। जिसकी शिकायत मासूम मृतक के पिता ने लिखित में एसडीएम को शिकायत की थी। मृतक बच्चे के पिता ने एसडीएम को लिखित में की शिकायत में बताया की 13 वर्षीय पुत्र उस्मान को दिनांक 11 जून को रात्रि के करीब 2 बजे अचानक पेट में दर्द हुआ तो मेरी बहन के साथ सीधे एप्पल हास्पिटल पर ले गएँ तो यहां पर मैंने पूछा कि ड्यूटी पर डॉक्टर साहब कौन है मेरे बच्चे की तबियत बहुत खराब है तो एक व्यक्ति ने अपने आप को डॉक्टर मोहन बताया तो मैंने कहा कि बच्चे को पेट में बहुत दर्द हो रहा है ती उन्होने कहा कि चिंता मत करो आपका बच्चा बिल्कुल ठीक हो जायेगा काउंटर पर तत्काल 10000 रुपए जमा करो दो मैंने उसी समय 5000 रुपए काउंटर पर जमा करा दिए जिसकी पूरी रशीदे भी मुझे इन्होने नहीं दी। और अपने पुत्र को ईलाज के लिए भर्ती करा दिया पर सुबह मुझे उक्त डॉ मोहन एवं वहां के स्टॉफ ने कहा कि बच्चे को सरकारी अस्पताल ले जाना पडेगा उसकी तबियत ज्यादा खराब है जब मैने बच्चे को पास जाकर देखा तो वह मर चुका था। फिर हम बच्चे की बॉडी को अपने घर ले आए और उसे दफनाया।

## सफलता का रूप अलग-अलग होता है, अपने अंदर की प्रतिभा को जगाएं: विधायक गोपालसिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



माहेश्वरी समाज के आराध्य भगवान महेश जी की जयंती के अवसर पर नगर में समाजजनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कॉलोनी चौराहा स्थित गीतांजली गार्डन से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ की गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः गीतांजली गार्डन पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में उस्थित थे, वहीं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, गल्ला मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, अनिल श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों व समाज के वरिष्ठजनों द्वारा भगवान महेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण व आरती की गई। समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मान के रूप में आज अपने परिश्रम का इनाम मिल रहा है, पर जो बच्चे आज यहां जगह नहीं बना पाये हैं उन्हें इनसे सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनौती कोई भी हो, प्रयास से उसे दूर किया जा सकता है। यह कार्यक्रम इसी बात का प्रमाण है। सफलता का रूप अलग-अलग होता है, अपने अंदर की प्रतिभा को जगाएं और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। भगवान महेश की जयंती मनाने के अवसर से समाज में एक नई चेतना का संचार तो होता ही है, वहीं संपूर्ण समाज एकजुटता के साथ भगवान की आराधना करते है यह दृश्य अपने आपमें ही अनूठा बन जाता है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थितजनों को महेश जयंती की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के बगैर मानव में संस्कार डालना टेढ़ी खीर है, इसलिए संस्कारवान समाज के लिए शिक्षा आवश्यक है। जब तक शिक्षा का स्तर अच्छा नहीं होगा। इस अवसर पर समाज के समाज अध्यक्ष मनीष धारवां, युवा अध्यक्ष तरूण नागौरी, महिला अध्यक्ष कल्पना बाहेती, समाज के वरिष्ठ महेन्द्र मूंदड़ा, प्रकाश मूंदड़ा, लोकेन्द्र धारवां, ललित नागौरी, संतोष झंवर, बाबूलाल आर्य, राजमल धारवां सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## महेश नवमी पर नगर में निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महेश नवमी के उपलक्ष में नगर में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के नेतृत्व में निकाला चल समारोह माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महेश अजमेरा, सचिव ओमेश अजमेरा, कोषाध्यक्ष योगेश ने बताया कि माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी मनाई गई।

जिसमें भगवान महेश भोलेनाथ का विधि विधान से पूजा अर्चना कर नगर में चल समारोह निकाला गया। चल समारोह नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए माहेश्वरी धर्मशाला पहुंचा अंत में आरती एवं प्रसादी व सहभोज का कार्यक्रम हुआ।

जिसमें महिला पुरुष सभी ने भाग लिया एवं सभी ने अपने अपने प्रतिष्ठान भी बंद रखे और इसी बीच भजनों की भी प्रस्तुतियां भी दी एवं महेश नवमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई ढोल नगाड़े बेंड बाजों के साथ सभी ने जूलूस का आनन्द लिया साथ ही माहेश्वरी धर्मशाला में समाज के लोगों ने वृक्षारोपण किया और संकल्प लिया कि हम वृक्षारोपण कर उसकी देखभाल भी करेंगे और सभी से वृक्षारोपण लगाने का आग्रह करेंगे।

### फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सीहोर।** शुक्रवार को महेश नवमी के उपलक्ष में स्थानीय महेश्वरी भवन में फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में बच्चों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया और प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

### जिनवाणी मां को रजत पालकी में विराजित कर नगर में निकाली शोभायात्रा

# ध्वजारोहण और शास्त्र स्थापना के साथ शुरू हुआ संस्कार शिविर





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शुक्रवार 14 जून को प्रातः काल की बेला में नगर के प्रमुख मार्गो से मुनिश्री भूतबलि सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर में भाग लेने वाले सैकड़ों की संख्या में शिविरार्थियों ने जिनवाणी प्रभावना शोभायात्रा मां जिनवाणी को रजत पालकी में विराजित कर बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी के पावन सनिध्य में निकाली गई। जो किला मंदिर पहुंचकर समापन हुई। शिविर की जानकारी समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि तत्पश्चात शिक्षण शिविर का विधिवत शुभारम्भ मंदिर परिसर में ध्वजारोहण एवं शास्त्र स्थापना के साथ किया गया।

#### पहले आत्म कल्याण का माहौल था

बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी वाले ने शिविर के शुभारंभ अवसर पर कहा कि बिना भोजन के जीवन नहीं चलेगा, लेकिन अधिक भोजन करना घातक हो जाता है। सभी चीजों की मर्यादा होती है।इसी प्रकार डॉक्टर के बताए अनुसार दवाई लेने से व्यक्ति ठीक हो जाता है, लेकिन अधिक दवाई अर्थात आठ दिन की दवाई एक ही दिन में लेने पर घातक हो सकती है। पहले आत्म कल्याण का माहौल बनता था और आज आत्म कल्याण से विमुख हो रहे हैं।

#### कोरोना चायना ने फैलाया

बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी ने बताया कि अपने देश में कोरोना चायना से फैला था। चमगादड़ के सेवन से वहां चायना में कोरोना फैला था। चायना में अहिंसक धर्म विकृत हो गया। आज हम बच्चों के कैसे संस्कार दे रहे हैं। पहले आत्म कल्याण का माहौल बनता था और आज आत्म कल्याण से दूर हो गए हैं। जैनों के कौन से काम है।हम ध्यान देकर अपने विचार समझें। अपनी गलत मानसिकता को बदलना होगा।

#### पहले चांदी की करेंसीकागज की

संजय भैय्या ने कहा स्वाध्याय करना बहुत जरूरी है। स्वाध्याय परम्परा विलुप्त होती जा रही है।धर्म को पैसे से नहीं जोड़ना चाहिए। पहले चांदी की करेंसी थी,आज कागज की करेंसी चल रही है। पहले सोच अच्छी थी, लेकिन आज सोच संकीर्ण हो गई है। व्यक्ति आज पैसा कमाने में लगा है, धर्म आराधना करने का समय नहीं है।

#### आचार्य ने कहा था जिनवाणी का प्रचार जरूरी

संजय भैय्या ने कहा कि आचार्य श्री ने कुंडलपुर में हमसे कहा था कि जिनवाणी का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है। बहुत मनोयोग से धर्म का कार्य करना चाहिए। बिना स्वाध्याय के जीवन परिवर्तन नहीं होने वाला है। धर्म के साथ लौकिक शिक्षा को भी हम सभी को महत्व देना चाहिए। जैन धर्म का ज्ञानार्जन करें। ज्ञान सुख का कारण है, ज्ञान का बहुत महत्व है। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ पर जिनवाणी शास्त्र स्थापना का सौभाग्य महेंद्र कुमार, राकेश कुमार, संतोष कुमार जैन जादूगर परिवार को मिला। इसी के साथ ही ध्वजारोहण का सौभाग्य निर्मल कुमार संदीप, संजय, शरद कुमार जैन बिंदिया परिवार बुधवारा को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

आरोपी की संपत्ति को जमींदोज करने हिन्दू संगठनों ने उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने पर पॉक्सो में मामला दर्ज हिंदू संगठनों के हंगामे के बाद आरोपी की गिरफ्तारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के चलते कुरावर थाने में आरोपी पर पॉक्सो में मामला दर्ज हो गया है। चूंकि मामला दो समुदायों के बीच का है जिसको लेकर हिन्दू संगठनों ने आगे आकर आरोपी की संपत्ति को जमीदोज करने की मांग प्रशासन से की है। मामला कुरावर के समीपस्थ ग्राम शिवपुरा मेवाती का है। जहां पर शुक्रवार की रात 8 बजे के करीब अपने ही घर के आंगन में शौचालय का गेट बंद करने नाबालिग को अकेला पाकर इजराइल पिता सत्तार उम्र 32 वर्ष ने उसके साथ छेड़छाड़ की और जब नाबालिग ने शोर मचाया तो वहीं पर उसके माता-पिता आ गए। परिजनों के आता देख आरोपी घटना स्थल से भाग खड़ा हुआ। माता-पिता ने कुरावर पुलिस थाने पहुंचकर नाबालिग बालिका के साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं जिनमें 354,7/8 व एससी एसटी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।





**हिन्दू संगठनों ने पुलिस थाने का घेराव किया**

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी के खिलाफ नगर में रोष बढ़ता चला गया। शनिवार की सुबह तक भी आरोपी को गिरफ्तार न करने के चलते पीड़ित परिवार के साथ हिंदू संगठनों और कैलाश चंद्र पंडा प्रदेश अध्यक्ष ब्रजवासी संगठन मध्य प्रदेश के साथ सैकड़ों की संख्या में सडकों पर उतर आए और पुलिस थाने का घेराव किया। प्रशासनिक अमले में मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार अनाग्रिका कनौजिया ,एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी ने चक्का जाम एवं थाने का घेराव कर रहे प्रदर्शन कारियों से बात कर पीड़ित परिवार को पूरा सहयोग करने एवं आरोपी को जल्दी गिरफ्तार करने की बात कही।

### 3 घंटे चले इस हंगामे के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया

*चक्का जाम और धरना प्रदर्शन करने वाले पीड़ित परिवार एवं हिंदू संगठनों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं उनकी संपत्ति को जमींदोज करने की मांग भी की। इस पर प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें विधि अनुसार कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। अंत में 3 घंटे चले इस हंगामें के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। परंतु पीड़ित परिवार और हिंदू संगठनों ने आरोपी की संपत्ति को जमींदोज करने का ज्ञापन भी सौंपा।*

**गिरफ्तार किया**

हमने मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपी की तलाश थी। उसके बाद आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

**उपेंद्र सिंह भाटी,**
एसडीओपी, नरसिंहगढ़

**जानकारी लेंगे**

अपराध काफी गंभीर है। आरोपी की संपत्ति को जमींदोज करने के लिए हम उसकी चल अचल संपत्ति की जानकारी लेंगे और जिला प्रशासन को जानकारी अवगत कराएंगे, उसके बाद उनके निर्देश पर कार्रवाई होगी।

**अनाग्रिका कनोजिया,**
नायब तहसीलदार कुरावर

खेलते समय में हो सकती हैं दुर्घटनाएं

## खेल ग्राउंड के बीचों-बीच जल निगम ने बनवा दिया वाल्व चेंबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हर घर, नल से जल पहुंचाने के उद्धेष्य से पीएचई और जल निगम द्वारा संयुक्त रूप से योजना का क्रियान्वयन करवाया जा रहा है। इसके लिए गांव-गांव में पेयजल सप्लाई के लिए लाइन बिछाने के साथ ही उनके वाल्व चेंबर भी उचित स्थानों पर लगवाए जा रहे हैं। इन लाइनों और चेंबरों के निर्माण में कई जगहों पर अनदेखियां नजर आ रही हैं। कहीं लाइनों को बिछाकर फिर से सड़कों को रिपेयर नहीं करवाया गया है तो कहीं बगैर टोटियां लगाए ही ग्रामीणों के घरों के सामने पाइपों को ऐसे ही पटक दिया गया है। अब लापरवाही का एक नया मामला सामने आया है। मुख्यालय से करीब 7, 8 किमी दूर कालीपीठ रोड स्थित प्राथमिक शाला कराड़िया के खेल मैदान के बीचों-बीच ही ठेकेदार ने वाल्व चेंबर का निर्माण करवा दिया। जबकि, आसपास बहुत सा खाली क्षेत्र है जहां इस चेंबर को बनवाया जा सकता था।

**यह हैं इसके नुकसान**

स्कूल ग्राउंड के बीच में चेंबर बनवाने से जहां खेल ग्राउंड खराब हो गया है वहीं खेलते समय बच्चे चोटिल होकर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। ग्रामीणों ने जल निगम के अफसरों से मांग की है कि इस चेंबर को शाला ग्राउंड से अंयत्र बनाया जाए।

**इनका कहना है**

खाली जगह देखकर एजेंसी ने बनवा दिया होगा पर यह गलत है। मैं अभी ठेकेदार को बोलकर चेंबर को अन्यत्र बनवाता हूं।

**- अरविंद धाकड़,**
डीजीएम, जल निगम, राजगढ़

जून से अगस्त तक रहता है प्रजननकाल, अंडे देती हैं मछलियां

## मछलियां मारने, बेचने पर आज से 15 अगस्त तक पूरी तरह प्रतिबंध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जून मध्य से लेकर अगस्त मध्य तक का समय विभिन्न प्रकार की मछलियों के लिए प्रजननकाल का समय रहता है या दूसरे शब्दों में कहें तो मछलियां अंडे देती हैं। यही कारण है कि मछलियों का उत्पादन, वंशवृद्धि को बढ़ाने उक्त अवधि को मतस्याखेट के लिए प्रतिबंधित किया जाता है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने विभाग के नियमों और अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंदऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अघिघोषित किया है। इस अवधि में मछलियों को मारने, बेचने इत्यादि पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेशानुसार अगर कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसे 1 वर्ष का कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनों सजाएं दी जा सकती हैं। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध नदी, नालों से नहीं है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, मछलियों का क्रय-विक्रय न तो स्वयं करने और न ही अन्य को सहयोग करने की अपील मतस्य विभाग द्वारा की गई है।

**क्या हो पाएगा आदेश का पालन**

यह आदेश हर साल जारी तो किया जाता है, लेकिन खुद मतस्य विभाग के जिम्मेदार ही इसका पालन नहीं करवा पाते हैं। अब तो जिले में बड़े डेम बन चुके हैं ऐसे में न केवल नदियों, तालाबों बल्कि डैमों से भारी मात्रा में मछलियां मारकर उन्हें भोपाल एवं बड़े शहरों में भेजा जा रहा है। देखते हैं इस बार कलेक्टर के आदेश का अक्षरक्षः पालन मतस्य विभाग के अधिकारी करवा पाते हैं या नहीं।

## 21 वर्षीय युवक घर से हुआ लापता, पुलिस में दर्ज कराई गुमशुदगी

**जीरापुर।** पुलिस थाना अंतर्गत परोलिया गांव निवासी एक युवक की गुमशुदगी दर्ज हुई। जोकि वर्तमान में नगर जीरापुर के बिजली ऑफिस के पास निवासरत है। गुमशुदा बालक के पिता बनवारी राव उम्र 45 वर्ष ने थाना जीरापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका 21 वर्षीय पुत्र दिनांक 13 जून को 11 बजे से घर से लापता हो गया है, जो घर वापस नहीं आया। युवक के पिता ने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि उसका पुत्र प्रितम राव बिना बताए घर से चला गया है। उसके मोबाइल पर संपर्क किया गया तो वह स्विच ऑफ आ रहा है। आसपास के क्षेत्र एवं रिश्तेदारी में सभी जगह खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने युवक के पिता की रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम करते हुए जांच शुरू की।

नगर आगमन पर श्रृद्धालओं ने किया भव्य स्वागत

## जैन संतों ने ग्रामीणों को दिया शांति और विश्व कल्याण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

समाधिस्थ जैनाचार्य मुनिश्री विद्यासागर महाराज के शिष्य अजीत सागर, मुनिश्री नीराग सागर और क्षुल्लक श्री विवेकानंद सागर महाराज का शनिवार को नगर में मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ ब्यावरा नाका पर पहुंच कर मुनिसंघ की भव्य अगवाई कर श्रीफल भेंट किए। सुबह साढ़े 8 बजे मुनिसंघ पीटी कंपनी स्थित जिनालय पधारा।

यहां संतों के सान्निध्य में भगवान श्री शांतिनाथजी का कलाशाभिषेक और विश्व शांति की कामना से शांति धारा की गई। इस अवसर पर राजगढ़ सहित सुसनेर, मोरपीपली, तलवाड़ा, पिड़ावा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से पधारे श्रद्धालुओं ने मुनिसंघ के दर्शन कर धर्मोपदेश सुना। शनिवार को जिनालय में आहार चर्या के बाद शाम 4 बजे संघ खिलचीपुर की ओर विहार कर गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मुनि संघ को विदाई दी।

**मुनियों ने रात्रि में खीमाखेड़ी के ग्रामीणों को दिए प्रवचन**

मुनि संघ गंजबासौदा से राजस्थान की ओर विहार कर रहा है। शुक्रवार की रात संघ ने ग्राम खीमाखेड़ी के स्कूल परिसर में विश्राम किया। सुबह ग्रामीणों और बच्चों को संबोधित करते हुए मुनिश्री अजित सागरजी ने उन्हें हिंसा के त्याग और पापों से बचने का उपदेश सहित मंगल आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों व बच्चों के जीवन में काम आने वाले अनेकानेक उपदेश दिए। इसके उपरान्त शनिवार सुबह मुनिसंघ ने राजगढ़ के लिए प्रस्थान किया।

## डीसीए का एग्जाम देने जा रहे छात्र की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



समीपवर्ती ग्राम रूपाहेड़ा निवासी एक विद्यार्थी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। छात्र शासकीय महाविद्यालय राजगढ़ बाइक से जा रहा था। जानकारी के अनुसार छात्र शिवम पिता रामबाबू प्रजापति उम्र 20 वर्ष अपने गांव रूपाहेड़ा से शासकीय महाविद्यालय राजगढ़ डीसीए की परीक्षा देने जा रहा था।

इसी बीच खिलचीपुर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर खुरनिया कलां जोड़ के पास अचानक भैंस बाइक के सामने आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई एवं बाइक सवार शिवम गिर गया जिसे प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंपा गया। बालक की मृत्यु की जानकारी जैसे ही ग्रामीण जनों को लगी गांव में शोक की लहर फैल गई ।बताया जाता है कि बालक का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होकर परिवार का इकलौता वारिस था जो की कांम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था।

## भैंस की पाड़ी के रुपए के लेनदेन को लेकर युवक के साथ की गई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम पिपल्या कलां में भैंस की पाड़ी के रुपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय फरियादी बालू सिंह पिता बद्रीलाल दांगी निवासी पिपल्याकलां शुक्रवार की शाम 7 बजे गांव के ही रहने वाले आरोपी बद्री लाल पिता जगन्नाथ दांगी के भैंस की पाड़ी के रूपये की लेनदेन को लेकर मुझे गाली देने लगे। जब मैंने गाली देने से मना किया तो मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया।

## मेडिकेयर कॉलेज के विद्यार्थी प्रवीण सूची में

जीनत खान ने 912 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर





मेडिकेयर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज सारंगपुर का मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा बीएमएलटी तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

मेडिकेयर कॉलेज की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सांत्वना सिंह यादव ने बताया कि बीएमएलटी तृतीय वर्ष बेच 2019-20 वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें मुख्य परीक्षा में 23 विद्यार्थी एवं पूरक परीक्षा में 12 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। बीएमएलटी तृतीय वर्ष में मुख्य परीक्षा में जीनत खान ने 912 अंक प्राप्त कर प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया व शीतल पाटीदार ने 882 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं निर्मल सौराष्ट्रीय ने 870 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी प्रतिभावान है। मेडिकेयर कॉलेज राजगढ़ एवं शाजापुर जिले का एकमात्र पैरामेडिकल कॉलेज हैं जिसमें अत्याधुनिक तरीकों से अध्यापन करवाया जाता है।

## सोमेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिकोत्सव आरंभ

**राजगढ़।** गिरनार सिटी कॉलोनी स्थित 1008 सोमेश्वर महादेव मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव शनिवार से शुरू हो गया। दो दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न धार्मिक क्रियाकलापों सहित अखंड रामायण भी विराजी हैं। मंदिर समिति अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन सुबह शिव अभिषेक अनुष्ठान के साथ ही श्री हनुमान जी व मां दुर्गाजी का विशेष श्रृंगार सहित अभिषेक और उपासना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद सुबह 9 बजे से रामायण का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ। वहीं शाम के समय मंदिर में संगीतमय भक्ति और आरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

विधायक सहित कई गणमान्य लोग हुए शामिल, पौधरोपण किया

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर





जल गंगा संवर्धन अभियान अंर्तगत नगर में न्यू बस स्टैंड पर स्थित बागवाला कुआं पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुआं का पूजन, आरती कर नागरिकों को जल संरक्षण के बारे में जागरुक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमरसिंह यादव, केदार काका, कैलाशी बाई यादव अध्यक्ष नपा, पंकज शर्मा पूर्व अध्यक्ष नपा, बाबूलाल कुशवाह उपाध्यक्ष आदि द्वारा पूजन किया गया। पूजन के उपरांत मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा सभी का सम्मान पुष्प माला और साफा बांधकर किया। विधायक अमर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश में कुआं, बावड़ी तथा पुरानी जल सरंचनाओ को सहेजने का अभियान चलाया है, जिसके अंर्तगत नगर में इस पुराने समय से नगर को पानी पिलाने वाले कुएं को नगर परिषद द्वारा व्यवस्थित किया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की जल जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है इसका सदुपयोग करना चाहिए।

इसी क्रम में केदार काका पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर में पेयजल आपूर्ति ठीक चल रही है हमें पानी बचाना है क्योंकि अगर एसा ही रहा तो भविष्य में पानी की बहुत ही कमी होगी। उन्होंने कहा कि मोहनपुरा बांध बनने से सभी को फायदा हुआ है। समस्त अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर पार्षद लोकेन्द्र यादव, कमल सिंह यादव, मुकेश यादव, बीरम वर्मा, निर्मल जाटव, इलियास मेवाती, प्रेम राजपूत, पूर्व उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, रामचरण यादव, सहित समस्त नपा स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महेश्वरी समाज ने महेश नवमी मनाई

**सारंगपुर।** महेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के पावन अवसर पर सारंगपुर में महेश्वरी समाज द्वारा देव कुआं महादेव मंदिर पर प्रतारू सामूहिक अभिषेक पूजा कर समाज व देश दुनिया के लिए मंगल कामना कर विशेष पूजन अभिषेक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी, राकेश गगरानी, सुरेश माहेश्वरी,मनीष माहेश्वरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने पूर्व निर्धारित पीतांबर रंग की साड़ियां धारण की व पुरुषों ने सफेद कुर्ते पाजमे पहनकर सभी समाज जनों ने उपस्थितिथि दर्ज कराकर सामूहिक आरती की।

समाज के वरिष्ठ रामप्रसाद गगरानी व तलेन के प्रमोद चांडक के आकस्मिक निधन पर दो मिनिट का मोन रखकर शोक व्यक्त किया व समाज के सभी प्रति वर्ष होने वाले संस्कृतिक कार्यक्रम निरस्त कर दिये गये। कार्यक्रम में नारायण दास सादानी, ओमप्रकाश राठी, रमेशचंद महेश्वरी, श्याम बियानी,प्रदीप सादानी हरीश राठी, गजेंद्र लड्डा, राजेंन्द्र माहेश्वरी,अनिल महेश्वरी, सुनील महेश्वरी, मुकेश बियाणी, युवा संगठन से राम राठी, मनीष गुप्ता, मोहित राठी, तुषार राठी, पियूष राठी व महिला मंडल से लीला देवी सादानी, कुमुद बियाणी, मुक्ता राठी, मधुलता सोडानी, जानकी महेश्वरी, नेहा सादानी, मोनिका महेश्वरी सहित सभी समाज जन उपाष्ठित थे।

**प्रारूप छ-3**
**(म.प्र. सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49 ग (3) के अन्टर्गत)**
**कार्यालय- रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्यादित कालापीपल**
**जिला शाजापुर पंजी.क्र.05 दिनांक 20-01-1961**

क्रमांक /र.अ./2024/क्यू /2 दिनांक 15-06-2024

सदस्य सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सभा/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव, सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं जिला शाजापुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कालापीपल एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा कालापीपल के सूचना पटल पर दिनांक 15.06. 2024 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 15.06.2024 से 23.06.2024 तक कार्यालय समय में सोसायटी के कार्यालय में प्रबंधक विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्यादित कालापीपल को प्रमाण सहित लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसायटी के कार्यालय में मेरे द्वारा दिनांक 24.06.2024 को समय प्रातः 12.15 बजे से किया जावेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के सम्बन्ध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की काई दावा या आपत्ति है एवं यदि वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों / दस्तावेजों / प्रमाण के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

**(बी.एस.भंवर)**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था मर्यादित कालापीपल**